प.म.रे.सीनि.सेके.स्कूल न्यू यार्ड इटारसी में
संविदा शिक्षका की भर्ती हेतु वॅाक इन इंटरव्यू 2022–2023

पश्चिम मध्य रेल्वे सीनि.सेके.स्कूल न्यू यार्ड इटारसी में अधोलिखित पदों हेतु पूर्णतः अंशकालीन के आधार पर संविदा शिक्षक/ शिक्षिकाओं की सत्र 2022–2023 के लिए नियुक्ति हेतु पैनल बनाया जाना है। 18 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य आयु वाले इच्छुक अभ्यार्थी अपने पूर्ण विवरण एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के साथ अपने आवेदन पत्र ,प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों तथा मूल प्रमाण पत्र के साथ दिनांक 5/4/2022 को पी.आर.टी., दिनांक 6/4/2022 को टी.जी.टी. एवं पी.जी.टी. हिन्दी तथा दिनांक 7/4/2022 को पी.जी.टी. भौतिक विज्ञान,रसायन विज्ञान,बायलाजी,इतिहास,सोशोलाजी के पदों हेतु वॅाक इन इंटरव्यू के लिए प्राचार्य पश्चिम मध्य रेल्वे सीनि.सेके.स्कूल न्यू यार्ड इटारसी (म.प्र.) 461115 विघालय परिसर में प्रातः 7 बजे उपस्थित हों एवं उपस्थिति हेतु कोविड–19 के समस्त प्रोटोकोलो का पालन करना अनिवार्य है। वॅाक इन इंटरव्यू हेतु किसी भी प्रकार का भत्ता / किराया देय नही है।

नियुक्ति निम्न शर्तो के आधार पर होगी नियुक्ति अवधि अधिकतम 200 कार्य दिवसों या इससे कम अवधि के लिए होगी

(1) संविदा शिक्षक मासिक समेकित पारिश्रमिक के हकदार है और डयूटी के कार्य दिवसों से अनुपस्थिति के मामले में किसी अन्य अनुलाभ/सुविधाओं के हकदार नही है एवं आनुपातिक वसूली की जाएगी।

(2) संविदा शिक्षको को शरद विराम (Autumn Break)/शीतकालीन विराम (Winter Break) में प्रो.रेटा बेसिस पर मानदेय देय होगा।

(3) संविदा शिक्षको को अध्यापन के अतिरिक्त जैसे परीक्षा कार्य,मूल्यांकन आदि करना होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान देय नही होगा।

(4) संविदा शिक्षको को रेल विभाग की कोई भी सुविधा जैसे पास/पी टी ओ/अवकाश/ चिकित्सा एवं वाहन भत्ता देय नही होगा।

(5) संविदा शिक्षको को बिना किसी पूर्व सूचना के हटाया जा सकता है। इनको विभाग में रेल शिक्षकों की भाँति स्थायी करने का कोई भी दावा करने का अधिकार नहीं होगा।

(6) संविदा शिक्षकों को हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो भाषाओं में अध्यापन कराने की क्षमता होनी चाहिए।

(7) चयनित उम्मीदवारों को उनकी मेडिकल फिटनेस के लिए अनुबंध में प्रवेश करने से पहले रेलवे चिकित्सा प्राधिकरण द्वारा एक मेडिकल फिटनेस परीक्षा से गुजरना पडता है। साथ ही उन्हें डयूटी में शामिल होने के समय एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र और पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

(8) यदि उम्मीदवार पहले से ही रोजगार में है तो उन्हें वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(9) उम्मीदवारों द्वारा पंजीकरण/साक्षात्कार के समय शैक्षिणिक/तकनीकी योग्यता और आयु के प्रमाण पत्र के समर्थन में मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

(10) संविदा शिक्षको को सेवा में निरंतरता या अनुबंध अवधि के विस्तार या सेवा में नियमितीकरण का कोई अधिकार या दावा नही होगा।

(11) किसी भी चरण में किसी भी गलती की जानकारी/फर्जी प्रमाण पत्र/प्रशंसा पत्र/विवरण में विसंगती पाए जाने की स्थिति में उम्मीदवारी/अनुबंध को बिना किसी सूचना के समाप्त कर दिया जाएगा और उनके खिलाफ मौजूद कानून के अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

(12) चयनित उम्मीदवारों को संविदा नियुक्ति के लिए रेलवे प्रशासन के साथ एक अनुबंध करना होगा।

(13) साक्षात्कार की तिथि पर उम्मीदवारों के पास अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए । जो अंतिम परीक्षा के परिणाम हेतु प्रतीक्षारत है वे पात्र नही होंगे। शैक्षणिक और तकनीकी योग्यता मान्यता प्राप्त संस्थान/बोर्ड से होनी चाहिए अन्यथा उम्मीदवारों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(14) संविदा शिक्षकों को किन्ही भी कारणों से सत्र के मध्य कार्य छोडने की स्थिति में एक माह पूर्व सूचना देनी होगी या एक माह का मानदेय (पद के मानदेय की दर अनुसार) रेल्वे की आय में जमा करना होगा।

(15) संविदा शिक्षकों को शाला में तीन दिन से अधिक अनुपस्थित होने पर मेडिकल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

उक्त शर्तो को स्वीकार कर शाला में कार्य करने एवं चरित्र प्रमाण पत्र के संबध में शपथ पत्र चयनित अभ्यार्थी को उसके चयनित होने की सूचना के तीन दिनो के अन्दर या अपनी नियुक्ति के पूर्व पश्चिम मध्य रेल्वे सीनि.सेके.स्कूल न्यू यार्ड इटारसी के कार्यालय में जमा करना होगा।

लगातार पृष्ठ 2 पर______

प्राचार्य (राजपत्रित)
प.म.रे. सीनि. सेकेण्डरी
स्कूल, न्यू यार्ड, इटारसी

रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है।

कमांक	केटेगरी	रिक्त पदों की संख्या	प्रति माह मानदेय
01	पीआरटी	04	21250/–
02	टी जी टी (गणित)	03	26250/–
03	टी जी टी (विज्ञान)		26250/–
04	टी जी टी (अंग्रेजी)		26250/–
05	पीजीटी (भौतिक विज्ञान)	06	27500/–
06	पीजीटी (रसायन विज्ञान)		27500/–
07	पीजीटी (बायलाजी)		27500/–
08	पीजीटी (हिन्दी)		27500/–
09	पीजीटी (इतिहास)		27500/–
10	पीजीटी (सोशोलाजी)		27500/–

(अ.) शैक्षणिक योग्यताएं पी.आर.टी. के पद हेतु :–

उच्चतर माध्यमिक विघालय (या समकक्ष) में न्यूनतम 50% अंको के साथ 2 वर्षीय डिप्लोमा इन एलिमेन्टरी एजूकेशन (या अन्य किसी नाम से)

या

उच्चतर माध्यमिक विघालय (या समकक्ष) 45% के साथ दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलिमेन्टरी एजूकेशन (या अन्य किसी नाम से) या एन.सी.ई.टी. नियम 2002 के अनुसार

या

उच्चतर माध्यमिक विघालय (या समकक्ष) में न्यूनतम 50% अंको के साथ 4 वर्षीय बैचलर आफ एलिमेन्टरी एजूकेशन (B.EL.Ed.) या

उच्चतर माध्यमिक विघालय (या समकक्ष) के साथ 2 वर्षीय डिप्लोमा इन एजूकेशन (विशेष शिक्षा)

या

स्नातक तथा 2 वर्षीय डिप्लोमा इन एलिमेन्टरी एजूकेशन (या अन्य किसी नाम से)/बी.एड.

और

एन.सी.ई.टी. के निर्देशानुसार राज्य/केन्द्र शासन द्वारा आयोजित टी.ई.टी./सी.टी.ई.टी.परीक्षा उत्तीर्ण की हों

(ब.) शैक्षणिक योग्यताएं टी.जी.टी.पद हेतु :–

(i.) स्नातक (शिक्षण विषय में) और 2 वर्षीय डिप्लोमा इन इलेमेंट्री एजूकेशन (चाहे किसी भी नाम से जाना जाए)

या

स्नातक (शिक्षण विषय में) कम से कम 50% अंको के साथ और शिक्षा में 1 वर्षीय स्नातक डिग्री (बी.एड.)

या

समय समय पर जारी एन.सी.ई.टी. (मान्यता मानदंड और प्रकिया) विनियमों के अनुसार कम से कम 45% अंको के साथ स्नातक (शिक्षण विषय में) और शिक्षा में 1 वर्षीय स्नातक डिग्री (बी.एड.)

या

कम से कम 50% अंको के साथ सीनियर सेकेंडरी (या इसके समकक्ष) और 4 वर्षीय प्रारंभिक शिक्षा स्नातक (बैचलर आफ एलिमेन्टरी एजूकेशन) या

कम से कम 50% अंको के साथ सीनियर सेकेंडरी (या इसके समकक्ष) और 4 वर्षीय बी.ए./बी.एस.सी या बी.ए.बी. एड./ बी.एस.सी.बी.एड. या

कम से कम 50% अंको के साथ स्नातक (शिक्षण विषय में) और 1 वर्षीय बी.एड. (विशेष शिक्षा)

तथा

(ii.) इस उददेश्य के लिए एन.सी.ई.टी. द्वारा बनाए गए दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य/केन्द्र शासन द्वारा आयोजित टी.ई.टी./सी.टी.ई.टी.परीक्षा जाने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.)/सी. टी.ई.टी. उत्तीर्ण हों।

लगातार पृष्ठ 3 पर..............

प्राचार्य (राजपत्रित)
प.म.रे. सीनि. सेकेण्डरी
स्कूल, न्यू यार्ड, इटारसी

(स.) शैक्षणिक योग्यताएं पी.जी.टी. पद हेतु :-

(अ.) संबंधित विषय में NCERT के रीजनल कालेज आफ एजुकेशन से संबंधित विषय में दो वर्षीय एकीकृत परास्नातक डिग्री।

या

निम्नलिखित विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50% अंको सहित परास्नातक डिग्री ।

(i.) पीजीटी (हिन्दी)-हिन्दी/संस्कृत में परास्नातक तथा स्नातक स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप में।

(ii.) पीजीटी (फिजिक्स) -फिजिक्स/इलेक्ट्रानिक्स/एप्लाइड फिजिक्स/न्यूक्लियर फिजिक्स।

(iii.) पीजीटी (केमेस्ट्री) - केमेस्ट्री/बायो केमेस्ट्री

(iv.) पीजीटी बायोलाजी -बॉटनी /जूलाजी/लाइफ साइंसेज/बायो साइंस/जेनेटिक्स/माइक्रो बायोलॉजी/बायो टेक्नोलाजी/मॉलिक्यूलर बायो/प्लांट फिजियोलॉजी/बशर्ते उन्होंने स्नातक स्तर पर बॉटनी और जूलॉजी का अध्ययन किया है।

(v.) पीजीटी इतिहास-इतिहास

(vi.) पीजीटी समाजशास्त्र- समाजशास्त्र

तथा

(ब.) बी.एड या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समकक्ष डिग्री ।

(स.) हिन्दी और अंग्रेजी मीडियम में शिक्षण में प्रवीणता।

वांछनीय- कम्प्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान।

नोट :-सभी पदो के लिए उम्मीदवारों की अंग्रेजी और हिंदी भाषा पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए । कम्प्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान और संगीत,योग,शारीरिक शिक्षा परामर्श आदि जैसी गतिविधियों में अतिरिक्त योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।

प्राचार्य (राजपत्रित)
प.म.रे. [illegible] सेकेण्डरी
स्कूल, न्यू यार्ड, इटारसी

पश्चिम मध्य रेल्वे सीनि.सेके.स्कूल न्यू यार्ड इटारसी में
संविदा शिक्षकों की नियुक्ति के लिए वॉक इन इंटरव्यू हेतु आवेदन सत्र 2022–23
(विभिन्न पदों के लिए अलग अलग आवेदन प्रस्तुत करें)

पदनाम (संविदा शिक्षक)...विषय. ....

यहाँ फोटो चिपकायें

1.आवेदक का नाम...

2 जन्मतिथि...(शब्दों मे)...

3 दिनांक (/   /2022) को आयु...........................(वर्ष)..........................(माह)............................(दिन)

4 पिता/पति का नाम..

5 पत्राचार का पता...

जिला..राज्य...पिन..

6 संपर्क दूरभाष संख्या...मोबाईल नम्बर...

7 श्रेणी अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./विकलांग..

8 ई–मेल आईडी ....

9 राष्ट्रीयता...धर्म...समुदाय..

10 वैवाहिक स्थिति...

11 आधार नबंर...पेन नबंर..

12 संबधित पद पर कार्य करने का अनुभव (पीआरटी/टीजीटी/पीजीटी) वर्ष..................माह.......................

13 स्थायी पहचान चिन्हं   1...

2...

14 शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताएं (समर्थित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)

कम सं.	परीक्षा	बोर्ड /विश्वविद्यालय	उत्तीर्ण का वर्ष	विषय	संबधित विषय में अंको के %	पूर्णांक का %
1	हाई स्कूल (10 वी)					
2	इण्टरमीडियट (12 वी)					
3	स्नातक					
4	परास्नातक					

प्राचार्य (राजपत्रित)
प.म.रे. सीनि. सेकेण्डरी
स्कूल, न्यू यार्ड, इटारसी

15.व्यवसायिक/अन्य योग्यताएं

1	डिप्लोमा इन एजूकेशन					
2	बी.एड.					
3	टी.ई.टी./सी.टी.ई.टी					
4	अन्य					

16.यदि कोई शैक्षिणिक अनुभव हो (अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)

1	संस्था का नाम/पता/फोन न.	बोर्ड/पंजीयन विवरण	पदनाम/ग्रेड	दिनांक से	दिनांक तक	रिमार्क
2						
3						
4						

17. वर्तमान सेवारत/ कोर्स अण्डर गोइंग (यदि कोई हो)...

मैं एतदद्वारा घोषणा करता/ करती हूँ कि मेरी जानकारी और विश्वास से मेरे द्वारा इस आवेदन पत्र में दी गयी सूचनाएँ पूर्णतया सत्य एवं सही है।

स्थान.......................................

दिनांक.......................................

आवेदक के हस्ताक्षर

केवल कार्यालय उपयोग हेतु

उपयोजित पद हेतु ....पंजीयन कमांक......................................पात्र/अपात्र

जॉच समिति की टिप्पणी...

दस्तावेज सत्यापन कर्ता का हस्ताक्षर 1. 2.

नाम

पदनाम

प्राचार्य (राजपत्रित)
म.म.रे. शी.नि. सेकेण्डरी
स्कूल, न्यू यार्ड, इटारसी